लघु उद्योग स्थापित किया

भरतपुर (निस)। अपना घर आश्रम में निराश्रित आवासीयो की सेवा एवं सुविधा के विस्तार के क्रम में लघु उद्योग स्थापित किया गया है।

इसकी विशेषता यह है कि यह लघु उद्योग अपना घर के आवासीयों के बाल-गोपालों के नाम से पंजीकृत कराया गया है तथा इसमें जो भी उत्पाद बनेंगे वह आश्रम में रहने वाले लोगों के माध्यम से बनाये जाऐंगे तथा इसका विक्रय आदि सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं आश्रम के रहने वाले लोग ही सभालेंगे, साथ ही जो भी लाभांश आयेगा उसे इन्हीं लोगों की इच्छा एवं पसन्द अनुसार व्यय किया जायेगा।

वर्तमान में इन लोगों के द्वारा अगरबत्ती, दोना-पत्तल एवं चप्पल उच्च गुणवत्ता के साथ बनाये जा रहे हैं। जिसके लिए आश्रम परिसर में मुख्य द्वार के पास ''अपना घर शॉपिंग सेन्टर'' नाम से एक विक्रय केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है।

इस विक्रय केन्द्र पर आश्रम के आवासीय लोग एवं स्वंयसेवक यहाँ की व्यवस्थाओं को देखेंगे। इस विक्रय केन्द्र पर आश्रम के आवासीयों द्वारा निर्मित उच्च क्वालिटी के उत्पाद बाजार से सस्ती दरों पर मिल सकेंगे।

इसका शुभारम्भ आश्रम के सेवसाथी एवं पदाधिकारियों के सहयोग से शैलेजा के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति का मासिक मिलन बैठक का आयोजन

भरतपुर (निस)। सेवानिवृत्त वरिष्ठजन जीवन में प्राप्त अपने अनुभव व ज्ञान का उपयोग कर अपने आत्मबल को जागृत करें तथा अपने शेष जीवन को आध्यात्म में लगावें, यह बात बृहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य संचालिका कविता बहन ने भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति की डॉ अशोक अग्रवाल की

> ■ 'वरिष्ठजन अपने को अकेला, रोग ग्रस्त और निशक्त न समझें, बल्कि आत्म चिंतन, आध्यात्मिक सशक्तिकरण तथा परमात्म चिंतन की बातों से मन को सशक्त बनावें'

अध्यक्षता में अग्रवाल भवन खिरनीघाट पर आयोजित मासिक मिलन बैठक में कही। अपने आध्यात्मिक प्रवचन में ब्रहमाकुमारी कविता बहन ने कहा कि वरिष्ठजन अपने को अकेला, रोग ग्रस्त और निशक्त न समझें, बल्कि आत्म चिंतन, आध्यात्मिक सशक्तिकरण तथा परमात्म चिंतन की बातों से मन को सशक्त बनावें। ईश्वर के ध्यान योग से

जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति का मासिक मिलन बैठक का आयोजन किया ।

ही कार्यों में कुशलता आती है। इसी में शान्ति, प्रेम, सुख और पवित्रता की अनुभूति होती है तथा मन का शुद्धिकरण होता है।

अत: वरिष्ठजन उम्र के इस पड़ाव में आध्यात्म से जुड़कर समय के शेष जीवन को सुगम बनाने के साथ एक स्वच्छ और स्वस्थ श्रेष्ठ समाज का भी निर्माण करें। बैठक प्रारम्भ होने से पहले सदस्य विजय बंसल, शिखर चन्द जैन, ने वरिष्ठ सदस्य इंजी एसएन अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, श्यामबिहारी अग्रवाल के साथ महाराजा अग्रसेन व भगवान श्रीराम के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा सामूहिक आरती गायन व ईश वन्दना की गई।

बैठक का संचालन महामंत्री सतीश कुमार गुप्ता ने किया तथा ब्रहमाकुमारी कविता बहन ने माह अक्टूबर के जन्म दिवस वाले सदस्यों का तिलक लगाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाऐं दीं। इस अवसर पर ब्रहमाकुमारी प्रेमवती, पावन तथा डॉ योगेन्द्र सिंह के साथ सीएम गुप्ता, महेश चन्द अग्रवाल, राकेश बंसल, सतीश चंद सिंघल, सतीश चंद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता (मुंशरिम), राजेन्द्र कुमार, महेन्द्र भूषण गुप्ता, शिवनाथ गोयल, आरएस गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, टीकाराम अग्रवाल, हरिराम गुप्ता, निरंजन प्रसाद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

शान्तिभंग में तीन जने गिरफ्तार

हलैना (निस)। थाना हलैना पुलिस ने आईजी राहुल प्रकाश तथा एसपी मृदुल कच्छावा के निदेशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार की देर सायं अलग-अलग प्रकरण में तीन जनों को गिरफ्तार किया। जिनमें एक आरोपी मारपीट एव नगदी व सोने के चौन छिनने का तथा अन्य दो जने सीएचसी हलैना में चिकित्सक से विवाद व अशान्ति फैलाने के आरोपी है। मारपीट के आरोपी को अवकाश दिवस होने के कारण डीग न्यायाधीश के निवास पर पेश किया। जहां से उसे एक दिन के रिमाण्ड पर पुलिस को सौंप दिया। जबकि शान्तिभंग के आरोपियों को वैर में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोडा गया। थाना प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शनिवार को कस्वा हलैना निवासी लेखराज सिंह पुत्र निहाल सिंह को मारपीट एव नगदी व सोने की चैन छिनने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ कस्वा हलैना निवासी गिरवर दयाल गुप्ता ने मामला दर्ज कराया था। जिसने रिर्पोट में लिखा कि 6 अक्टूम्बर को वह गांधी सर्किल निकटवर्ती एक जने के घर गया, जहां से लौटते सयम मुझे घेर लिया और मारपीट कर 26 हजार 700 रू एवं सोने की चैन छिन ली। रिर्पोट में आरोपी की पत्नी रूपवती देवी को भी आरोपी बताया। पुलिस ने मामले में हलैना निवासी लेखराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया और आरोपी लेखराज सिंह को डीग स्थित न्यायाधीक्ष के निवास पर पेश किया।

सार-समाचार

प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित

भरतपुर (निस)। बौद्ध जाग्रति मंच सेवा संस्थान का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन मुरली प्लाजा में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव रही तो वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रतनलाल अहिरवार, सीताराम स्वरूप, विजय सिंघल, चतुर्भुज खींची, सुनील बैरवा, किशोर पटेल आदि उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रशास्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, प्रोत्साहन राशि एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि शिक्षा का सर्वोपरि महत्व होता है। नॉलेज युग है ऐसे में बच्चों को सही दिशा देने की आवश्यकता है। डॉ. गर्ग ने कहा कि बच्चों में नया कुछ करने की जिज्ञासा होती है। बच्चों की जिज्ञासाओं की पूर्ति करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पढाई का कोई विकल्प नहीं होता है। बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर जज्बे के साथ आगे बढना चाहिए और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को पढा लिखा कर योग्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से भी आव्हान किया कि समाज के गरीब व प्रतिभावन बच्चों की शिक्षा में सहयोग दे तथा भामाशाह भी आगे आकर मदद करें।समारोह को सांसद संजना जाटव ने भी सम्बोधित करते हुये बेटियों को पढाने का आव्हान करते हुये कहा कि अब बालिकाऐं पढ लिखकर आगे बढ रही हैं जिससे उन्हें खुशी मिलती है। उन्होंने सविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चलने का आव्हान करते हुये कहा कि बच्चों का पढा लिखा कर योग्य बनाये। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के अध्यक्ष रमेश वर्मा ने स्वागत सत्कार किया। समारोह का संचालन संस्थान के महासचिव मनोज विमल ने किया। कार्यक्रम में भरतपुर के अलावा राजस्थान के विभिन्न जिलों के गणमान्य नागरिक शामिल हुये।

खिलाडियों ने नौ पदक जीते

भुसावर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर का कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर मे आयोजित पॉच दिवसीय अन्तर महाविद्यालय टूर्नामेन्ट में उम्दा प्रदर्शन रहा है। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि टूर्नामेन्ट के अन्तिम दिन कृषि महाविद्यालय भुसावर ने वन एक्ट प्ले तथा मोनो एक्टिंग मे स्वर्ण पदक जीते। महाविद्यालय ने माइम और स्किट में रजत पदक अपने नाम किये। इस तरह कृषि महाविद्यालय भुसावर ने इस टूर्नामेन्ट में पॉच स्वर्ण पदक तथा चार रजत पदक के साथ कुल नौ पदक जीते। जोबनेर मे आयोजित टूर्नामेन्ट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी व कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने महाविद्यालय के खिलाडियों को पदक देकर सम्मानित किया। डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी लक्ष्य शर्मा ने मोनो एक्ट मे स्वर्ण पदक तथा अन्नू पलसानिया व निशित श्रीवास्तव की टीम ने वन एक्ट प्ले मे स्वर्ण पदक प्राप्त किये। इसी तरह स्किट में कमलेश जाखड व जीतेन्द्र सैनी की टीम ने रजत पदक तथा माइम में जीतेन्द्र वर्मा व पूजा चौधरी की टीम ने रजत पदक प्राप्त किये। कृषि महाविद्यालय भुसावर को खेल सचिव डॉ विनोद भटेश्वर, सांस्कृतिक सचिव डॉ मोहित कुमार, कोच राहुल मीणा तथा सहायक निदेशक छात्र कल्याण डॉ राहुल कुमार व दीपक मीणा की पदक दिलाने मे विशेष भूमिका रही। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के टीम मैनेजर व विद्याथियों की पिछले दो महीने से की गयी मेहनत व उनके आत्मविश्वास से अन्तर महाविद्यालय टूर्नामेन्ट मे पदक जीतकर भुसावर का नाम रोशन किया है।

बुजुर्ग महिलाओं को साडियां वितरित की

भरतपुर (निस)। मित्र भारत समाज संस्थान भरतपुर के प्रधान कार्यालय कटारा भवन नदिया मौहल्ला भरतपुर संस्थान के संस्थापक स्व भगवत कटारा की प्रेरणा से प्रधान कार्यालय पर असहाय वृद्ध महिलाओं को दीपावली के पावन पर्व पर 11 वृद्ध महिलाओं को साड़ी वितरित की गईं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप कटरा, मंत्री चन्द्रभान माहौर, जैनेन्द्र पाराशर, दिनेश भारद्धाज, संस्थान की संरक्षिका सुशीला कटारा, रूकमणी शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह जघीना ने किया। संस्थान के मंत्री चन्द्रभान माहौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

भरतपुर (निस)। फायरिंग कर जानलेवा हमले के मामले में बयाना थाना पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफतार किया है। 17 अक्टूबर को शिवहरी पुत्र जगदीश जाति गुर्जर निवासी दमदमा ने एक तहरीरी रिपोर्ट पेश कर दर्ज कराया कि देर रात्रि देवेन्द्र उर्फ देवा पुत्र धर्मपाल उर्फ धर्मसिह निवासी उमरैड थाना वैर व नेत्रपाल पुत्र मुकेश जाति जाट निवासी नगला वीजा थाना उच्चैन व अजीत पुत्र रोशनलाल जाति गुर्जर निवासी तुरतीपुरा थाना गढीबाजना अवैध हथियारो से मेरे घर पर आये और जान से मारने की नियत से करीब 20 फायर किये मैंने व मेरे परिवार ने छिपकर अपनी जान बचाई तथा पडोायों के जाग होने पर अपाची मोटरसाईकिलों से भाग गये। इस सम्बन्ध में थाना बयाना कोतवाली पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जीतेन्द्र कुमार एएसआई के द्वारा प्रारम्भ किया गया। दौराने अनुसंधान मे त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी देवेन्द्रसिंह उर्फ देवा पुत्र धर्मसिंह उर्फ धर्मवीरसिंह उम्र 25 साल निवासी उमरैंड थाना वेर व नेत्रपाल पुत्र मुकेशसिंह जाति जाट उम्र 25 साल निवासी नगला बीजा थाना उच्चैन को गिरफतार किया गया। इन आरोपियो के विरूद्ध पूर्व से अनेक प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी आदतन अपराधी है। गिरफतार आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर साथी आरोपियों व हथियारो की बरामदगी व उपयोग में लिये गये वाहन मोटरसाईकिल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। ज्ञात रहे के इस मामले में आरोपी अजीत पुत्र रोशनलाल उम्र 26 साल जाति गुर्जर निवासी तुरतीपुरा थाना गढीबाजना को पूर्व में ही गिरफतार किया जा चुका है।

दीपावली महोत्सव कार्यक्रम मनाया

भरतपुर (निस)। अग्रवाल युवा महासभा भरतपुर द्वारा स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर खिलता बचपन प्रकल्प के बच्चों के साथ यह दीपावली खुशियों वाली दीपावली महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर युवा अग्रवाल महासभा द्वारा जरूरतमंद बच्चों को मिट्टी के दीपक, तेल, फुलझड़ी, अनार दाने प्रदान किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल युवा महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने सभी बच्चों के साथ फुलझड़ी जलाकर दीपावली महोत्सव मनाया। कार्यक्रम का संचालन राकेश मित्तल और अनिल गोयल ने करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में भामाशाह गोविंद द्वारा किताब, स्टेशनरी गर्ग आयल मिल द्वारा तेल व अन्य सामग्री सभी सदस्यों की सहयोग से प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ वीरेंद्र अग्रवाल एवं संरक्षक प्रभा गुप्ता को पट्टा पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौरव गोयंनका, कपिल बंसल, अखिल गोयल, प्रमोद अग्रवाल, दीपक गोयल, दीपेंद्र गोयल, रवि गोयल, शिवम जिंदल, जया सिंघल, संदीप श्रीवास्तव, गरिमा त्रिपाठी, सुरभि शर्मा सभी ने सहयोग प्रदान किया।

स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

करौली(नि.स.)। चैतन्य सेवा संस्थान में रविवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सकों कि टीम ने विमंदित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चैतन्य सेवा संस्थान के परियोजना निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि रविवार को चैतन्य सेवा संस्थान के मानसिक विमंदित पुनर्वास ग्रह पर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करौली सामान्य चिकित्सालय से कनिष्ठ विशेषज्ञ शिशु रोग डॉ राजेश कुमार मीणा द्वारा मानसिक विमंदित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही बच्चों को रोग संबंधित परामर्श एवं उपचार दिया गया इस दौरान संस्था सचिव प्रेमलता शर्मा, डीन रंजन कुमार सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का हुआ समापन

करौली (नि.स.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन आज समारोह पूर्वक किया गया।

संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधानाचार्य भगवत प्रसाद कौशिक ने कहा कि शिक्षक सम्मेलनों में पारस्परिक विचार विमर्श से से शिक्षकों में समरसता बढ़ने के साथ नवीन ऊर्जा का संचार होता है तथा समस्याओं के समाधान हेतु मंच उपलब्ध होता है। महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षक शिक्षार्थी एवं विद्यालय हित के विभिन्न मुद्दों पर मंथन कर अनेक प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त रखने, समय पर पदोन्नितयां व नियुक्तियां कर रिक्त पदों को भरने, पी डी मद के शिक्षकों का एक मुश्त बजट आवंटित करने, 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को मूल वेतन का भाग बनाने, मकान किराया भत्ता 10 प्रतिशत करने,शिक्षक स्थानांतरण नीति बनाने, 6 डी प्रक्रिया को स्वेच्छया करने,बोनस की सीमा 15000ध्- कर व 4800ध्- की सीलिंग सीमा हटा कर सभी अधीनस्थ सेवा कार्मिकों को लाभ देने व नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने आदि प्रस्ताव पारित किए गए। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार व संयोजक गजानंद वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में जिले की समस्त उपशाखाओं के अध्यक्ष मंत्री व कार्यकारणी सदस्य आदि पदाधिकारीयों सहित सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया।

एक युवक गिरफ्तार

पहाड़ी (निस)। पहाड़ी पुलिस ने धीमरी सडक मार्ग पर महिला की फर्जी आईडी बनाकर अश्लील विडियों के जरिऐ लोगो को फसाकर ठगी का अरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल सहित अन्य उपकरण साक्ष्य आदि बरामद कर मामला दर्ज किया है। पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश द्वारा साईबर ठगो के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष एंटी वायरस अभियान के तहत साईबर ठगो के खिलाफ कार्रवाही करते हुए गश्त के दौरान एक व्यक्ति धीमरी सडक मार्ग पर बंद पडी रॉयल होटल के अन्दर छुपकर फोन के जरिए ठगी का कार्य करने मे व्यस्त था। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगा जिससे घेराबंदी कर गाधानेर निवासी निसार पुत्र जानू गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन दो सिम अन्य साक्ष्य बरामद कर विभिन्न धारो में मुकदमा दर्ज किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार व पूर्व विधायक राजकुमारी का किया स्वागत

सूरौठ -भारतीय जनता पार्टी द्वारा करौली जिले का नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवकुमार सैनी के बनाए जाने के बाद पर पहली बार सूरौठ तहसील पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव के साथ पधारने पर गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे होते हुए बैंड बाजों के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गो से तो होते हुए जुलूस निकाला गया ,जिसमें सैनी सामुदायिक भवन में सैनी समाज अध्यक्ष कलुराम सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया साथी सूरौठ ग्राम पंचायत सरपंच पिंकेश शर्मा के निवास पर भी लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव व नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सैनी का माला व साफा व पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम का युवा मोर्चा के महामंत्री भूपेंद्र सिंह गुर्जर व हरिमोहन सैनी, रितेश जगरिया, रतन, धर्म सैनी देवीसिंह सैनी पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मंच संचालन महेश सैनी व पूर्व मंडल अध्यक्ष भोलेशंकर शर्मा द्वारा किया गया जुलूस,कस्बे के गांधी स्मारक चौराहे, पुलिस चौकी, मस्जिद चौराहा, सब्जी मंडी, होते हुए सैनी सामुदायिक भवन उदासी के बाग पर महात्मा ज्योतिबा फूले भवन में सैनी समाज के द्वारा भव्य स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिस पर इस मौके पर पधारे हुए सभी अतिथि गणों का स्वागत सम्मान किया गया इसी मौके पर पूर्व विधायक जाटव व जिलाध्यक्ष सैनी को फलों से तोला गया बाद में इस मौके पर सत्येन्द्र कुमार जाटव व बाबूलाल सैनी को भाजपा कि सदस्यता दिलाई गई, वहां उपस्थित लोगों ने कहा कि सूरौठ चिकित्सालय में छ: डाक्टरों में से एक ही डाक्टर के भरोसे चिकित्सालय चल रहा है, तों इस समस्या का समाधान करते हुए तीन डॉक्टर व एक महिला डॉक्टर लगाने की मांग की व साथी एक लाइब्रेरी खोलने की भी मांग की जिस पर विधायक जाटव ने 5 लाख रुपए लाइब्रेरी निर्माण के लिए देने की घोषणा की अटल पथ योजना के तहत धंधावली गेट से लेकर तहसील कार्यालय बुडन्दें बाबा मंदिर होते हुए स्टेशन रोड तक कि सड़क 3 करोड़ 69 लख रुपए की लागत से सडक बनने कि स्वीकृती जारी हो गई है जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी

भरतपुर (निस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 115 वे एपीसोड़ को शहर मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में शक्ति केन्द्र हीरादास पर सुना गया।

जिसमें मण्डल प्रवासी नरेन्द्र सिंघल व मुकेश सिंघल मुख्य अतिथि के रुप में रहें। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकल फोर वोकल एवं लोगों में फिटनेस को लेकर हो रही जागरुकता के बारे में बताया। जिसमें फिट इण्डिया स्कूल हावर्स भी एक अनोखी पहल है और प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की कई देशो में मच रही धूम को लेकर कई उदाहरण दिये जिसमें पेरू से एक और प्रेरक उदाहरण है और बताया कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं हमारा जुनून भी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुरानी संस्कृति के बारे में चर्चा करते हुए एक उदाहरण दिया जिसमें उधमपुर के गोरीनाथ पुरानी सारंगी के जरिए वे डोगरा संस्कृति और विरास के विभिन्न रुपों को सहेजने मे जुटे हुए है और करीब 50 साल से चेरियाल फोक आर्ट को लोकप्रिय बनाने में जुटे हुए है। तेलंगाना से जुड़ी इस कला को आगे बढ़ाने उनका यह प्रयास अधभुत है। छत्तीसढ़ के नारायणपुर के बुटलूराम माथरा अबूझ माड़िया जनजाति की लोककला को संरक्षित करने में जुटे हुए है।

पिछले 4 दशको से वे अपने इस मिषन में लगे हुए है और मुख्य चर्चा डिजिटल अरेस्ट जो कि साईबर अपराध है के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होने लोगों को साईबर अपराध के बारे में सजक रहने के बारे में बताया। इस मौके पर उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, गेंदाराम, गुलाब सिंसोदिया, महामंत्री जीतू गणेश नगर, सोनू उपाध्याय, योगेश शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। खंडेलवाल वैश्य समाज के तत्वाधान में खंडेलवाल युवा मंडल एवं खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें खंडेलवाल वैश्य समाज के आराध्य संत शिरोमणि सुंदर दास महाराज की पुण्यतिथि पर 9 नवंबर 2024, शनिवार (गोपाष्टमी) को खंडेलवाल भवन, खिरनी घाट पर प्रात: 9 बजे विशाल रक्तदान शिविर एवं निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम संयोजक हरिशंकर मुसद्दी, सहसंयोजक मनु लोहिया एवं शालिनी तांबी, रमेश चन्द गुप्ता अध्यक्ष, मुरारीलाल खंडेलवाल माडौनी वाले, अर्चना खंडेलवाल, सोनू खंडेलवाल, शिप्रा खंडेलवाल, अंकुर (सी.ए.), मनोज (सी.ए.), पंकज, दिलीप कलाकंद वाले, अंकित रारह (बंटू), अमित खंडेलवाल (ज्योति एडवरटाईजर) आदि उपस्थित रहे।

गौवंश से भरे कंटेनर को पकडा

भरतपुर (निस)। जिले के गहनौली पुलिस थाना क्षेत्र में गौ सेवा दल और क्यूआरटी की टीम की तत्परता के चलते गौवंश से भरे कंटेनर को पकडने में सफलता मिली है। गौ तस्करों ने क्यूआरटी टीम को देखते ही उन पर एक राउंड फायरिंग कर दी।

जिसमें जवाबी फायरिंग करते हुए गैस गन से चार राउंड फायर किए। गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। कंटेनर में भरी सभी गाय सुरक्षित हैं और उन्हें भरतपुर की एक गौ शाला में छुड़वाया गया है। क्यूआरटी टीम के प्रभारी सुरज्ञान सिंह मीणा ने बताया कि रात के 2 बजे के आसपास मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि गहनौली पुलिस थाना क्षेत्र स्थित बर पीपल के पास गौ तस्करों द्वारा एक कंटेनर में गायों को भरा जा रहा है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर दबिश दी तो गौ तस्करों ने देखते हुए एक राउंड फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए गैस गन से चार राउंड फायर किए। गौ तस्कर कंटेनर को खेतों में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। सूचना पर गहनौली पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर को भरतपुर शहर की एक गौशाला में छुड़वाया गया है। कंटेनर में 27 गौ वंश है जिसमें 20 सांड और 7 गाय है जो सुरक्षित है। वहीं हरियाणा के पलवल निवासी सोनू ने बताया कि हमारा गौ सेवा दल है।

'पर्यावरण संरक्षण आज विष्व समुदाय की सतत चिन्ता है'

भरतपुर (निस)। प्रो राजेश कुमार शर्मा, पूर्व प्राचार्य कॉलेज शिक्षा, धौलपुर एवं प्रो कमलेश सिसोदिया, आचार्य प्राणि शास्त्र विभाग, एमएसजे महाविद्यालय, भरतपुर के संयुक्त सम्पादकत्व में प्रकाशित पुस्तक कम्प्रीहेन्सिव अप्रोचेस टू सस्टनेबल एनवायरनमेंट काविमोचन एवं लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक का विमोचन और लोकार्पण कॉलेज शिक्षा के पूर्व प्राचार्य डॉ अशोक कुमार बंसल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो एम एस गौर, आचार्य भौतिक शास्त्र, नैनोटेक्नोलॉजी विशेषज्ञ हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, फरह, मथुरा एवं डॉ संजय कुलश्रेष्ठ, पूर्व संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, भरतपुर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। पुस्तक के बारे में सम्पादक प्रो राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज पर्यावरण के प्रति लोगों को जाग्रत करने के लिए विद्वान साथियों के शोध परक लेखों का संकलन इसमें किया गया है। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत प्रो कमलेश ने दिया उन्होने बताया कि आज के समय में पर्यावरण चेतना के प्रति लोगों को और समाज को जाग्रत करने के लिये यह पुस्तक कम्प्रीहेन्सिव अप्रोचेस टू सस्टनेबल एनवायरनमेंट (सतत पर्यावरण के लिये व्यापक दृष्टिकोण) एक संयुक्त प्रयास है। पुस्तक पर्यावरण के साथ बेहतर जीवन जीने और घटते संसाधनों और सीमित जानकारी से भविष्य को आष्वस्त करने का और विचारों को संजोने का संयुक्त प्रयास है। इस पुस्तक में 39 विद्वान साथियों के द्वारा लिखे गये 29 अध्यायों का एक समग्र संकलन है। इसमें कुल 271 पृष्ठ हैं। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार बंसल ने कहा कि पढ़ना पढ़ाना और पढ़े हुए को लिखना अत्यंत कठिन कार्य है। पर्यावरण संरक्षण आज विष्व समुदाय की सतत चिन्ता है। पर्यावरण का अध्ययन सभी विषयों में आप्लावित है, सामाजिक पर्यावरण, सांस्कृतिक पर्यावरण आदि अनुकूल जीवन शैली के लिये नितांत आवष्यक है। इस अवसर पर प्रो अंजलि भारतीय, प्रो के के गुप्ता, प्रो करूणा गौर, प्रो शिल्पी दीप माथुर, प्रो निशा गोयल, प्रो अंजु तंवर, डॉ देवेन्द्र कुमार, डॉ षिवाली चौहान, डॉ नटवर सिंह, जीतेन्द्र कुमार रैकवार, डॉ कीर्ति शर्मा, ललित सिसोदिया, स्वाति कुलश्रेष्ठ, ललित मोहर, रजनीष, दीपांजली, कुमारी प्रीति, निवेदिता आदि उपस्थित रहे।

दो दिवसीय आचार्य सम्मेलन का आयोजन

भरतपुर (निस)। आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर द्वारा उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर केशव नगर भरतपुर में दो दिवसीय आचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पूरे जिले के आदर्श विद्या मन्दिरों के 228 आचार्य बन्धु भगिनी सेवक सेविका चालकों ने भाग लिया। प्रथम दिवस प्रथम सत्र में आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के अध्यक्ष योगेन्द्र भानु, व्यवस्थापक मल्ल सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल जिला सचिव संतोष कुमार कटारा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस सम्मेलन में आचार्य बंधु भगिनी सेवक सेविका वाहन चालक लिपिक सभी का अलग-अलग प्रशिक्षण हुआ। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में अजय देव कौशिक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर के व्यवस्थापक मल्ल सिंह द्वारा विद्यालय उप समिति एवं विद्यालय के कार्मिकों के बीच में समन्वय एवं संपर्क के विषय में तथा तीनों भाषाओं के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दूसरे दिवस के द्वितीय सत्र में विद्या भारती राजस्थान के अध्यक्ष डॉ परमेंद्र दसोरा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विद्या भारती के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। तृतीय एवं समापन सत्र में उत्कर्ष भाई साहब विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर ने अहल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला।

जन सुनवाई की

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग एक दिवसीय दौरे पर रविवार को भरतपुर आये। दौरे के दौरान उन्होंने रंजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना। डॉ सुभाष गर्ग ने जनसुनवाई के दौरान लोगों द्वारा बताई गई बिजली, पानी, सडक, अतिक्रमण, पट्टों से सम्बन्धित बताई गई समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।

पांचवी राजस्थान राज्य स्तरीय योगासना चैम्पियनशिप प्रारम्भ

पांचवी राजस्थान राज्य स्तरीय योगासना चैम्पियनशिप का शुभारम्भ हुआ।

भरतपुर (निस)। सनातन धर्म स्कूल भरतपुर में आरवाईएसए (राजस्थान योगासना स्पोर्टस एसोसिएशन) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली पांचवी राजस्थान राज्य स्तरीय योगासना चैम्पियनशिप का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता उदघाटन कार